कार्यालयः जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

कमांक : स्था0/2025/ 3450 दिनांकः 06.10.2025

आदेश

राजस्थान सरकार गृह (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांकित क्रमांक एफ.27(क)(5)गृह–2/2025 पार्ट दिनांक 04.07.2025 के द्वारा भारतीय नागरिक संहिता, 2023 (2023 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 46) की धारा 2 (u) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर के जयपुर पश्चिम में जिला अंतर्गत **नवीन पुलिस थाना खोरा बीसल** घोषित किया गया है।

उक्त अधिसूचना के द्वारा पुलिस उपायुक्त (पश्चिम), जयपुर के क्षेत्र में आरक्षी केन्द्र **खोरा बीसल** का नवसृजन किये जाने के फलस्वरूप राजस्थान सिविल कोर्ट ऑर्डिनेन्स, 1950 की धारा 7(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उक्त नवसृजित आरक्षी केन्द्र **खोरा बीसल** के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले **दीवानी प्रकरणों (धन सम्बन्धी अधिकारिता के अध्यधीन रहते हुए)** की सुनवाई का क्षेत्राधिकार निम्नांकित सारणी के **कॉलम संख्या 03** में अंकितानुसार **कॉलम संख्या 02** में अंकित न्यायालयों को प्रदत्त किया जाता है :–

कम सं0	न्यायालय का नाम	नाम पुलिस थाना/क्षेत्र जिसका स्थानीय क्षेत्राधिकार प्रदत्त किया गया है
1	2	3
1.	अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम–02, जयपुर महानगर–द्वितीय	आरक्षी केन्द्र **खोरा बीसल** की सीमा में उत्पन्न होने वाले दीवानी प्रकरण
2.	सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (पश्चिम), जयपुर महानगर–द्वितीय	आरक्षी केन्द्र **खोरा बीसल** की सीमा में उत्पन्न होने वाले दीवानी प्रकरण

नोटः– यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

6.10.25

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय

कमांक : स्था0/2025/ 3451 दिनांक : 06.10.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
2. श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम/जयपुर जिला, जयपुर
4. संबंधित न्यायालय.....
5. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर
6. अध्यक्ष, दी बार एसोसियेशन, बनीपार्क, जयपुर/चौमूं/आमेर/बगरू/वाणिज्यिक न्यायालय/कलक्ट्रेट
7. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, जयपुर महानगर–द्वितीय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
8. नोटिस बोर्ड, जिला न्यायालय, जयपुर महानगर–द्वितीय
9. आदेश पत्रावली/संबंधित पत्रावली/रक्षित पत्रावली

06.10.25

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय